**प्रेस विज्ञप्ति**

**सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन**

**आध्यात्मिक सशक्तिकरण से ही होगा प्रेरक नेतृत्व - महान भारत सागर**

**प्रेरक नेतृत्व के लिए आत्म-सशक्तिकरण ज़रूरी - बी.के. आशा**

**आध्यात्मिक जागृति से ही आयेगी दृढ इच्छा शक्ति - बी.के. शुक्ला**

**10 नवम्बर 2018, गुरूग्राम**

**आध्यात्मिक सशक्तिकरण से ही प्रेरक नेतृत्व का विकास संभव है। एक कुशल नेतृत्व के लिए दूसरों का विश्वास जीतना बहुत ज़रूरी है। उक्त विचार मध्य प्रदेश, होम गार्ड के महानिदेशक महान भारत सागर ने व्यक्त किये। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के भोड़ाकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आयोजित कार्यक्रम प्रेरक नतृत्व एवं स्व-सशक्तिकरण में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि असली नेतृत्व वही होता है जो सबको साथ लेकर चलता है। एक सफल लीडर चुनौतियों का सामना करना जानता है। लीडर की सबसे बड़ी विशेषता दूसरों की समस्याओं उनके दृष्टिकोण से देखना है।**

**इस अवसर पर विशेष रूप से ओआरसी की निदेशिका आशा दीदी ने अपने आर्शीवचन में कहा कि हम दूसरों को तभी प्रेरित कर सकते हैं, जब हम स्वयं सशक्त हों। उन्होंने कहा कि आत्मिक शक्ति के द्वारा हम कैसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक चेतना हमें कोई भी गलत कार्य करने ही नहीं देती। जितना हम आन्तरिक रूप से मजबूत होते हैं, उतना ही हम बाहरी चुनौतियों से घबराते नहीं हैं।**

**बी.के. शुक्ला दीदी ने अपने संबोधन में बताया कि किसी भी कार्य के लिए दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति का होना बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि राजयोग हमारे में दृढ इच्छा शक्ति पैदा करता है। राजयोग एवं आध्यत्मिक जागृति से ही हमें सत्य का बोध होता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता हमें संतुलित जीवन जीना सिखाती है। एक अच्छा लीडर वो है जिसके अंदर स्नेह, न्याय, सद्भाव, सहयोग एवं पारिवारिक भावनाओं जैसे श्रेष्ठ गुण हैं।**

**माउन्ट आबू से पधारे बी.के. अशोक गाबा ने ब्रह्माकुमारीज़ के सुरक्षा प्रभाग द्वारा की जा रही सेवाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रभाग का मुख्य उद्देश्य देश की सुरक्षा से जुड़े लोगों को तनावमुक्त जीवन जीने की सहज कला सिखाना है। कार्यक्रम में देश के सुरक्षा बलों के 80 से भी अधिक अधिकारियों ने शिरकत की।**

**दो दिन तक चलने वाले कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का प्रारम्भ नेवी के कमांडर शिव सिंह ने अपने स्वागत वक्तव्य से किया। बी.एस.एफ. के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक आर.के. हजेला ने सबका धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन कर्नल बी.सी. सती ने किया।**

**फोटो कैप्शन**

1-ओआरसी भोड़ाकलां में आयोजित कार्यक्रम में संबोधन करते हुए म.प्र., होम गार्ड के महानिदेशक महान भारत सागर
2-ओआरसी भोड़ाकलां में आयोजित कार्यक्रम में संबोधन करते हुए बी.के.आशा दीदी
3-ओआरसी भोड़ाकलां में आयोजित कार्यक्रम में संबोधन करते हुए बी.के.शुक्ला दीदी
4-ओआरसी भोड़ाकलां में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते हुए डी.जी. होम गार्ड,महान भारत सागर, बी.के. आशा, बी.के. शुक्ला, कर्नल सती, ब्रिगेडियर हरवीर सिंह एवं पूर्व अतिरिक्त महानिदेश बी.एस.एफ. आर.के. हसेजा
5-ओआरसी भोड़ाकलां में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन वक्तागण
6. सभा में उपस्थित सुरक्षा बलों के अधिकारीगण एवं अन्य